राष्ट्रीय सहारा

4 सीतापुर

लखनऊ

राष्ट्रीय सहारा

# अवधी कजरी कार्यशाला का आयोजन



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : एसएनबी

सीतापुर (एसएनबी)। संस्कृति मन्त्रालय भारत सरकार के सहयोग से कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ के द्वारा अवधी कजरी एवं सेमिनार/कार्यशाला का आयोजन बृजकिशोर अवस्थी इण्टर कालेज के बरगांवा के प्रांगण में मुख्य अतिथि टीटू गुप्ता नगर पालिका परिषद के चेयरमैन व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस क्रम में संस्था के अध्यक्ष आर.के चौरसिया व इण्टर कालेज के प्रवन्धक बृजकिशोर अवस्थी आदि उपस्थित हुए और कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दना स्तुति के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुतियां समाज में विख्यात सन्तोष राय एण्ड कम्पनी व रेखा दुबे एण्ड कम्पनी ने विभिन्न प्रकार अवधी कजरी लोकगायन नांटक मंचन आदि का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में अवधी का महत्व बताया और कजरी गायन व झलकियाँ प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया तथा सेमिनार/कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने बताया कि हमारी संस्कृति व कल्चर क्यों है के बारे में विधिवत रूप से बताया करालेज के प्रबन्ध वृजकिशोर अवस्थी ने बताया कि बच्चे दिन प्रतिदिन संस्कृति को भूलते जा रहे है। यदि ऐसे कार्यक्रमों को आयोजन होते रहेगे तो हमारी संस्कृति व सभ्यता आने वाली पीढ़ी को लाभ होगा।

संयोजक वीरेन्द्र बाजपेयी ने बताया कि यह संस्था विगत कई वर्षो से कार्य कर रही है हम इनके कार्य से सन्तुष्ट है और हमारा प्रयास रहेगा की आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहे। अन्त मे मुख्य अतिथि के द्वारा कलाकारों व ग्राम प्रधान एवं संस्था के कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आनंद कुमार अवस्थी, विनय कुमार मिश्रा, आरडी शुक्ला, महेन्द्र कुमार मौर्या, फलेश बाजपेयी, वन्दना गांधी, शुभम अवस्थी, वीरेन्द्र बाजपेयी, एएके चौरसिया सहित हजारों लोग उपस्थित हुये।

दिनांक 2/01/2017 पेज संख्या- 04 पर अंकित है।

Scanned by CamScanner

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर

# अवधी व कजरी गायन कर मोहा मन

संवाददाता। बरगांवा सीतापुर

**● कार्यशाला में बताया अवधी का महत्व**

**कर्तव्यशिला महिला एवं बाल विकास संस्थान ने सेमिनार का किया आयोजन**

अवधी, कजरी लोक गायन को बढ़ावा देने के लिए कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान ने एक कार्यशाला का आयोजन बृजकिशोर अवस्थी इंटर कालेज बरगांवा में किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन टीटू गुप्ता व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

संतोष राय एंड कंपनी व रेखा दुबे एंड कंपनी ने विभिन्न प्रकार अवधी, कजरी लोकगायन व नाटक मंचन किया और अवधी का महत्व बताया कालेज के प्रबंधक बृजकिशोर अवस्थी ने बताया कि बच्चे दिन प्रतिदिन अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे है, यदि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहेगे तो हमारी संस्कृति व सभ्यता आने वाली पीढ़ी को लाभ होगा। संयोजक वीरेन्द्र बाजपेई ने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा की आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन हो। मुख्य अतिथि के द्वारा कलाकारों व ग्राम प्रधान एवं संस्था के कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आनंद कुमार अवस्थी, विनय कुमार मिश्रा, आरडी शुक्ला, महेन्द्र कुमार मौर्य, फ्लेश बाजनेई, वंदना गांधी, शुभम अवस्थी, वीरेन्द्र बाजपेइ, एसके चौरसिया उपस्थित रहें।

Scanned by CamScanner

gmail.com, vidhankesarinews@gmail.com

हिन्दी दैनिक

# विधान केसरी

...खबर सिर्फ जनहित के लिए

## बच्चे भूलते जा रहे अपने संस्कारः बृजकिशोर

विधान केसरी संवाददता

सीतापुर। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ के द्वारा अवधी कजरी एवं सेमिनार कार्यशाला का आयोजन बृजकिशोर अवस्थी इंटर कालेज के प्रांगण में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन टीटू गुप्ता व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस क्रम में संस्था के अध्यक्ष आरके चौरसिया व इण्टर कालेज के प्रबन्धक बृजकिशोर अवस्थी आदि उपस्थित हुए और कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना स्तृति के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुतियां समाज में विख्यात संतोष राय एण्ड कम्पनी व रेखा दुबे एण्ड कम्पनी ने विभिन्न प्रकार अवधी कजरी लोकगायन नाटक मंचन आदि का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अवधी का महत्व बताया और कजरी गायन व झलकियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया तथा सेमिनार कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने बताया कि हमारी संस्कृति व कल्चर क्या है के बारे में विधिवित रूप से बताया। कालेज के प्रबंधक बृजकिशोर अवस्थी ने बताया कि बच्चें दिन प्रतिदिन अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। यदि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहेंगे तो हमारी संस्कृति व सभ्यता आने वाली पीढ़ी को लाभ होगा। संयोजक वीरेन्द्र बाजपेयी ने बताया कि यह संस्था विगत कई वर्षो से कार्य कर रही है। हम इनके कार्य से संतुष्ट हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहे। अन्त में मुख्य अतिथि के द्वारा कलाकारों व ग्राम प्रधान एवं संस्था के कार्यकताओं को अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष आरके चैरसिया ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आनंद कुमार, विनय कुमार, आरडी शुक्ला, महेन्द्र कुमार, फलेश बाजपेयी, वंदना गांधी, शुभम अवस्थी, वीरेन्द्र अवस्थी, एसके चैरसिया सहित हज़ारों लोग उपस्थित हुये।



दिनांक 13/01/2018 को पेज संख्या - 10 पर अंकित है।

Scanned by CamScanner

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ■ लखनऊ से प्रकाशित ■ www.spashtawaz.com

स्पष्ट आवाज़

की.....................................................12 टीम के बिना पांच दिन चंबल में रहेंगी भूमि पेडनेकर.........

# अवधी, कजरी कार्यशाला का हुआ आयोजन



सीतापुर(स्पष्ट आवाज़)। कर्तव्यशिला महिला एवं बाल विकास संस्थान ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बरगांवा में अवधी, कजरी कार्यशाला का आयोजन किया। भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये आयोजित इस कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पंचायत महोली अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता टीटू ने दीप प्रज्जवलन करते हुए किया। संस्था अध्यक्ष आर.के.चौरसिया ने आयोजन के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किये। संतोष राय और रेखा दुबे की टीमों ने अवधी, कजरी लोक गायन, नाटक मंचन कर अवधी का महत्व बताया। कजरी गायन और झलकियां प्रस्तुत कर कलाकारों ने सभी का मन मोहा। मुख्य अतिथि दिनेश गुप्ता टीटू ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशाल परम्पराओं को आज के युवा विस्मृत करते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोडने के लिये कई कार्यक्रम चलाये हैं। हाल ही में नैमिषेय शंखनाद कार्यक्रम में मोदी योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संस्कृति और उसके दर्शन के सम्बन्ध में 'महत्वपूर्ण' जानकारियां दी थीं। पाश्चात्य संस्कृति के पीछे भाग रहे युवा वर्ग को स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा लेकर भारतीय सभ्यता को समझना होगा। प्रधानाचार्य ब्रजकिशोर अवस्थी ने भी विचार प्रकट किये। कार्यक्रम संयोजक वीरेन्द्र बाजपेई ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अन्त में टीटू गुप्ता ने कलाकारों सहित ग्राम प्रधान और संस्था के कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आनन्द अवस्थी, विनय मिश्रा, आरडी शुक्ला, पलेश बाजपेई, चंदना गांधी, शुभम अवस्थी, एसके चौरसिया सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर । दिल्ली । हरियाणा । पंजाब । चंडीगढ़

# अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 11 जनवरी 2018

amarujala.com

क्लूजनर बोले- भारतीय क्रिकेट की धरोहर साबित हो सकते हैं पांड्या...13



## अवधी कजरी एवं सेमिनार कार्यशाला का हुआ आयोजन

सीतापुर। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कर्तव्य शिक्षा समिति एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ के द्वारा अवधी कजरी एवं सेमिनार कार्यशाला का आयोजन बृजकिशोर अवस्थी इंटर कालेज के प्रांगण में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद चेयरमैन नीटू गुप्ता व जिला पंचायत सदस्य प्रतीक मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में संस्था के अध्यक्ष आरके चौरसिया व इंटर कालेज के प्रबन्धक बृजकिशोर अवस्थी आदि उपस्थित हुए और कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना स्तुति के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुतियां समाज में विख्यात [illegible] एण्ड कम्पनी व [illegible] के द्वारा विभिन्न प्रकार अवधी कजरी लोकगायन नाटक मंचन आदि का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में अवधी का महत्व बताया और कजरी गायन व झलकियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया तथा सेमिनार कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने बताया कि हमारी संस्कृति व कल्चर क्या है के बारे में विधिवत रूप से बताया। कालेज के प्रबंधक बृजकिशोर अवस्थी ने बताया कि बच्चे दिन प्रतिदिन अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। यदि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहेंगे तो हमारी संस्कृति व सभ्यता आने वाली पीढ़ी को लाभ होगा। संयोजक [illegible] बाजपेयी ने बताया कि यह संस्था विगत कई वर्षों से कार्य कर रही है। हम इसी कार्य से जुड़े हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहें। अन्त में मुख्य अतिथि के द्वारा कलाकारों व ग्राम प्रधान एवं संस्था के कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष आरके चौरसिया ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आनंद कुमार, विनय कुमार, [illegible] शुक्ला, महेन्द्र कुमार, [illegible], वंदना गांधी, शुभम अवस्थी, [illegible] अवस्थी, प्रतीक चौरसिया समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## करेंट से झुलसी खुशी, लखनऊ में लड़ रही जिंदगी की जंग

[illegible] (सीतापुर)। [illegible]

त
चीन का
ष्टिकोण

14 स्पोर्ट्स
हालेप को हराकर सेरेना
क्वार्टर फाइनल में

15 विदेश
इजराइल ने
को बनाया

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर



### अवधी लोकगीत एवं लोक नृत्य कार्यशाला का हुआ मंचन

# 'हर दृष्टि से समृद्ध है अवधी भाषा'



मछरेहटा-विधायक रामकृष्ण भार्गव को स्मृति चिन्ह देते कार्यक्रम आयोजक पायनियर

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**सामाजिक** सगंठन कर्तब्य शिला महिला एंव बाल विकास संस्थान द्वारा वि.ख. मछरेहटा अम्बेडकर मैदान गंगापुर जनपद में अवधी लोक गीत एंव लाक नृत्य कार्यशाला का मंचन किया गया। जिसका उदघाटन करते हुए मुख्य अथिति क्षेत्रीय विधायक माननीय रामकृष्ण भार्गव ने अवधी भाषा के प्रचार प्रसार एवं परम्परा रूप से इससे जुडे रहने का सन्देश दिया और कहा कि अवधी भाषा हर दृष्टि से बडी समृध्द रही है और हमे अपनी संस्कृतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचाना है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य हुए और मुख्यअतिथि को सम्मानित किया गया। संचालन मो. अरशद ने किया। इस दौरान आर.के चौरासिया, आर.डी.शुक्ला, आर.डी. शुक्ला, फ्लेश बाजपंयी, वीरेन्द्र बाजपेयी, पी.एन.गुप्ता, रामकिषोर चौरसिया आदि मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

सीतापुर, हरदोई लखनऊ, 21 जनवरी 2019 5

# अवधी लोकगीत व लोक नृत्य कार्यशाला की प्रतिभागियों के लिए प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई शुरूआत

जिला संवाददाता



सीतापुर। सामाजिक संगठन कर्तव्य शिला महिला एंव बाल विकास संस्थान द्वारा अम्बेडकर मैदान गंगापुर वि0ख0 मछरेहटा में अवधी लोक गीत एंव लाक नृत्य कार्यशाला का मंचन सफलता पूर्वक किया गया कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अथिति क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के साथ समाजसेवी आर0 डी शुक्ला फलेश बाजपंयी मो0 अरशद वीरेन्द्र बाजपेयी पी0एन0 गुप्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य लाग उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष रामकिशोर चौरसिया द्वारा मुख्य अथिति तथा भी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुयी। मुख्य अथिति ने संस्था तथा क्षेत्रीय जन समुदाय का आभार ब्यक्त करते हुए अवधी भाषा के प्रचार प्रसार के प्रति अभार ब्यक्त करते हुए परम्परा रूप से इससे जुडे रहने का सन्देश दिया। समाजसेवी आर0 डी0 शुक्ला ने बताया कि अवधी भाषा हर दृश्टि से बडी समृध्द रही है और हमे अपनी संस्कुतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचाना है जिससे भावी पीढी भी अपनी संस्कृति के प्रति सचेत रहे कलाकार टीम द्वारा विभिन्न लोक गीतों और लोक नृत्यों के माध्यम से जनसमुदाय को आनन्दित किया गंगापुर का अम्बेडकर मैदान महिलाओं पुरूषो एंव बच्चों से खचाखच भरा रहा। लोगो मे बडी उत्सुकता थी एक के बाद एक प्रस्तुती को सुनने की। कार्यक्रम के अन्त मे संस्था प्रमुख आर0के चौरासिया द्वारा मुख्य अथिति तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम अपने उददेश्य मे पूर्ण सफल रहा मचं का सफला पुर्वक बेहद आर्कपक रूप मे मो0 अरशद द्वारा किया गया एक कदम स्वाच्छता की ओर से चरितार्थ करने के लिए कडपुतली नृत्य द्वारा सभी को स्वव्छ भारत मिशन मे भागीदारी के प्रति सचेत किया गया।

Scanned by CamScanner

अमर उजाला

my city
सोमवार • 21.01.2019
सीतापुर

# अवधी भाषा से जुड़ने का आह्वान

मछरेहटा (सीतापुर)। सामाजिक संगठन कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ की ओर से आयोजित अवधी लोक गीत एवं लोक नृत्य कार्यक्रम में युवाओं ने लोकगीत प्रस्तुत किए। साथ ही लोक नृत्य का भी शानदार तरीके से मंचन किया। विकास खंड मछरेहटा के आंबेडकर मैदान गंगापुर में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव ने किया।

संस्था के अध्यक्ष राम किशोर चौरसिया ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। मुख्य अतिथि ने अवधी भाषा के प्रचार-प्रसार के प्रति आभार व्यक्त किया और लोगों से अवधी भाषा से जुड़ने का आह्वान किया। समाजसेवी आरडी शुक्ला ने बताया कि अवधी भाषा हर दृष्टि से बड़ी समृद्ध रही है और हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचाना है, जिससे भावी पीढ़ी भी अपनी संस्कृति के प्रति सचेत रहे। कलाकारों की टीम ने लोक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कठपुतली नृत्य के जरिए सभी को स्वच्छ भारत मिशन मे भागीदारी के प्रति सचेत किया गया।

Scanned by CamScanner

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

जार बंद | शेयर | सेंसेक्स | बाजार बंद | निफ्टी | बाजार बंद | विनिमय दर | ₹/$ | बाजार बंद | मौसम

सीतापुर 4

लखनऊ। सोमवार • 21 जनवरी • 2019

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

# अवधी लोकगीत व लोकनृत्य कार्यशाला आयोजित

**मछरेहटा/सीतापुर (एसएनबी)।** सामाजिक सगंठन कर्तब्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ द्वारा अम्बेडकर मैदान गंगापुर वि.ख. मछरेहटा में अवधी लोकगीत एवं लोकनृत्य कार्यशाला का मंचन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अथिति क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के साथ समाज सेवी आरडी शुक्ला फलेश बाजपंयी मो. अरशद, वीरेन्द्र वाजपेयी, पीएन गुप्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष रामकिशोर चौरसिया द्वारा मुख्य अथिति तथा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुयी। मुख्य अथिति ने संस्था तथा क्षेत्रीय जनसमुदाय का आभार ब्यक्त करते हुए अवधी भाषा के प्रचार प्रसार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए परम्परा रूप सेइससे जुडे रहने का सन्देश दिया। समाज सेवी आरडी शुक्ला ने बताया कि अवधी भाषा हर दृष्टि से बडी समृद्ध रही है और हमे अपनी संस्कुतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचाना है। जिससे भावीपीढी भी अपनी संस्कृति के प्रति सचेत रहे। कलाकार टीम द्वारा विभिन्न लोकगीतों और लोकनृत्यों के माध्यम से जनसमुदाय को आनन्दित किया। गंगापुर का अम्बेडकर मैदान महिलाओं पुरूषो एंवबच्चों से खचाखच भरा रहा। लोगो मे बडी उत्सुकता थी। कार्यक्रम के अन्त मे संस्था प्रमुख आरके चौरासिया द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया और उपस्थित सभी लोगो को स्वाल्पाहार के लिए आमत्रित किया गया। कार्यक्रम अपने उद्देश्य मे पूर्ण सफल रहा। मंचका सफलापूर्वक बेहद आर्कषक रूम मे मो. अरशद द्वारा किया गया।


Scanned by CamScanner

# प्रतिपल संवाद

(भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)


## स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ाने के लिये कार्यक्रम आयोजित

## कर्तव्य शिला महिला के बैनर तले, मछरेहटा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन





कार्यालय प्रतिनिधि

सीतापुर। सामाजिक संगठन कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ द्वारा गत दिनों गंगापुर अम्बेडकर मैदान मछरेहटा में अवधी लोक गीत, लोकनृत्य कार्यशाला का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव ने उद्घाटन कर अपनी उपस्थित दर्ज करायी। इस अवसर पर मौजूद विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से सांस्कृतिक धरोहरो की याद ताजा होती है। उन्होने कार्यक्रम की खूबियो का बखान करते हुये भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित किये जाने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत के दौरान संस्था अध्यक्ष रामकिशोर चौरसिया ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया। यही अंत में उन्हें श्री चौरसिया ने स्मृति चिन्ह सौपकर मौके को यादगार पल बनाया। मुख्य अतिथि का स्वागत करने वालो में समाजसेवी आर.डी.शुक्ला, कैलाश बाजपेई, मो. अरशद, वीरेन्द्र बाजपेई, पी.एन. गुप्ता आदि शामिल थे। इस अवसर पर समाजसेवी आर.डी. शुक्ला ने कहा कि अवधी भाषा को जीवित रखने के लिये इस तरह के आयोजन सराहनीय है। इस मौके पर तशरीफ फरमा हुये कलाकारो ने लोकगीतो एवं नृत्य के माध्यम से जनसमुदाय को भरपूर आनन्दित किया। कार्यक्रम के दौरान गंगापुर अम्बेडकर मैदान महिलाओं, पुरुषो एवं बच्चो से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम का संचालन मो. अरशद ने किया। संस्था अध्यक्ष आर.के. चौरसियां ने बताया कि यह कार्यक्रम एक कदम स्वच्छता की ओर को चरितार्थ करने के लिये आयोजित किया गया है जिसमें कठपुतली नृत्य द्वारा जनता को जागरूक किया गया है। कार्यक्रम के अंत में आये हुये लोगो को जलपान कराया गया। यहीं संस्था अध्यक्ष ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

Scanned by CamScanner